यूटीयू के उड़दस्ते ने आईपीएस लॉ कॉलेज में नकलची दबोचे

परीक्षा कक्ष में जांच करते उड़नदस्ता टीम के सदस्य।

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन विवि के उड़नदस्ते ने आईपीएस लॉ कालेज में नकलची दबोचे। इसके चलते विवि ने तत्काल कालेज का परीक्षा केन्द्र निरस्त कर दिया है।

विश्वविद्यालय ने आईपीएस लॉ कालेज का परीक्षा केन्द्र को बदला

जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित, यूटीयू की मुख्य परीक्षा शुरू

सोमवार को यूटीयू की उड़नदस्ता टीम ने रुड़की क्षेत्र में आने वाले आईपीएस लॉ कालेज व आईटीआर इंजीनियरिंग कॉलेज में छापेमारी की। आईपीएस लॉ कालेज में विधि पाठ्यक्रमों व आईटीआर कॉलेज में बीफार्म व बीटेकक पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही थी। उड़नदस्ता टीम ने प्रथम पाली में छापे के दौरान आईपीएस लॉ कालेज में लॉ पाठ्यक्रम (बीए एलएलबी के दो व एलएलबी का एक) विद्यार्थी खुलेआम नकल करते पकड़े गये।

उड़नदस्ते की टीम को आते देख छात्रों ने इधर-उधर भागने की कोशिश की। लेकिन, उड़नदस्ता टीम ने परीक्षा कक्ष का दरवाजा बंद कर दिया। वहीं, आईटीआर कॉलेज में बीफार्मा के एक छात्र नकले करते हुए पकड़े। दूसरी पाली में उड़नदस्ता की टीम ओम-बायो साइंस फार्मेसी कालेज में भी फार्मेसी के एक छात्र नकल करते हुए दबोचा। नकलची छात्रों से पकड़ी गयी लिखित सामग्रियों को उत्तर पुस्तिकाओं के साथ कब्जे में लेकर सील करवा दिया गया।

परीक्षा में नकल की जानकारी मिलते ही कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आईपीएस लॉ कालेज का परीक्षा केन्द्र निरस्त कर दिया। अब उक्त कॉलेज के छात्रों के लिए 12 दिसंबर से बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसके साथ ही विवि ने आईपीएस लॉ कालेज केन्द्र पर परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं के देखते हुए दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। कमेटी शिकायत पर सभी तथ्यों की जांच कर अपनी रिपोर्ट एक दिन के सौंपेगी। जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद संस्थान के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।